आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

देनदारियां

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग के सभी ठेकेदारों की देनदारियां 30 अप्रैल से पहले जारी करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शिमला में आज वित्त विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि लंबित देनदारियों की पहली किश्त 28 अप्रैल से पहले और शेष राशि 30 अप्रैल तक जारी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने दोनों विभागों को बिल तैयार कर उन्हें भुगतान के लिए समय पर कोषागार में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को विभागीय बिल हर महीने की 10 तारीख के बाद ही प्रस्तुत करने को कहा, क्योंकि प्रदेश को महीने की 10 तारीख को केंद्रीय कर प्राप्त होते हैं।

शोक सभा

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आज राज्य सचिवालय शिमला में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और कई विधायकों सहित सचिवालय के कर्मचारियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि ये हमला देश की सुरक्षा के लिए चुनौती नहीं है बल्कि देशवासियों की भावनाओं पर गहरा आघात है। इस मौके पर आतंकी घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज सोलन में दि सोलन सहकारी तहसील विपणन और वितरण संघ द्वारा निर्मित लक्ष्मी सिंह सहकारी परिसर का उद्घाटन किया। इसमें 43 व्यापारिक दुकाने बनाई गई हैं, जिनके माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस परिसर के निर्माण पर लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत आई है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारी क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है और व्यापारिक परिसरों के निर्माण से लोगों को लाभ होगा। नगर निगम सोलन में पानी के बढ़े हुए बिलों के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को राहत देने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि सहकारी क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और युवा अपनी आर्थिकी को मजबूत बनाने का प्रयास कर सकते हैं।

बम धमकियां

उपायुक्त कार्यालय मंडी और राज्य सचिवालय शिमला को बम से उड़ाने की धमकी के बाद आज उपायुक्त कार्यालय चंबा और हमीरपुर में भी ऐसी ही धमकी वाली ई–मेल मिली हैं। दोनों स्थानों पर उपायुक्त कार्यालयों को तुरंत खाली करवाकर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। हमीरपुर में पुलिस की जांच के बाद उपायुक्त कार्यालय के बाद सभी शाखाओं में फिर से काम शुरू किया गया। उधर चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

रोजगार मेला

देश के अनेक स्थानों पर कल रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में होने वाले रोजगार मेले में केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और उपक्रमों में नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे।

——————————————